हंडिया स्टेशन रोड पर साइकिल से गिरकर मजदूर की मौत

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया कस्बे के भैरोपुर वार्ड नंबर ८ स्थित स्टेशन रोड पर शुक्रवार शाम साइकिल से गिरने के बाद एक मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने १०८ एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदाहा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी काररवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान लालजी यादव उर्फ मुन्ना (५०), पुत्र गंगोली यादव, निवासी चक अजीज उर्फ बीरापुर, थाना हंडिया, प्रयागराज के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मिली जानकारी के अनुसार, १६ अक्तूबर की शाम करीब ६:३० बजे वह साइकिल से घर से हंडिया स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलने पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी ऊपरदाहा ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक के पुत्र भोला यादव की ओर से दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर विधिक काररवाई की गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन मोर्चरी हाउस भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।


उच्च प्राथमिक विद्यालय जसरा में डांडिया की प्रस्तुति देते बच्चे।

डांडिया की धुन पर थिरके नौनिहाल, खेलकूद में दिखाया उत्साह

बारा (प्रयागराज)। उच्च प्राथमिक विद्यालय जसरा में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को उत्साह और उल्लास से भर दिया। रंग-बिरंगी डांडिया स्टिक के साथ छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और शैक्षिक खेलों का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी सक्रियता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षकों ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए जरूरी हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर एआरपी अरविंद सैनी, अरविंद कुमार मिश्रा, पूर्णिमा यादव, दिलीप तिवारी, सुमन पांडेय, उमा राय, आराधना मौर्य, प्रीति सिंह, दशरथ भारती, ममता मिश्रा, अंजना देवी उपस्थित रहे।

फूलपुर तहसील दिवस के २४ मामलों में शिकायतकर्ताओं का फीडबैक असंतोषजनक

डीएम ने ५१ निस्तारित प्रकरणों का कराया परीक्षण, लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि, कर्मचारियों पर काररवाई

फूलपुर (प्रयागराज)। फूलपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व में तहसील दिवस पर निस्तारित किए गये मामलों की गुणवत्ता की जांच करायी। इसके लिए १७ जिला स्तरीय अधिकारियों से रैंडम आधार पर ५१ निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण कराया गया। जांच में २४ मामलों में शिकायतकर्ताओं का फीडबैक असंतोषजनक पाया गया।

जिलाधिकारी ने मामलों के निस्तारण में लापरवाही और सतही आख्या प्रस्तुत करने वाले संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध काररवाई के निर्देश दिये। निर्देश के अनुसार, कुछ कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने, जबकि अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने, स्पष्टीकरण मांगने और चेतावनी देने की काररवाई की गयी।

प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए चिह्नित कर्मचारियों में विकास खंड फूलपुर के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश कुमार सिंह, लेखपाल मंजरी द्विवेदी, महेंद्र कुमार, शैलेश यादव और थाना थरवई के उपनिरीक्षक राहुल कुमार शामिल हैं। कारण बताओ नोटिस के लिए लेखपाल नायाब अहमद, तहसील फूलपुर के पेशकार कृष्ण चंद्र यादव, लेखपाल कृष्ण मोहन सिंह, रफीक अहमद, विनय कुमार सिंह, अर्चना सिंह, मोनिका सिंह और संदीप कुमार को चिह्नित किया गया। इसके अलावा एडीओ आरडी फूलपुर ओम प्रकाश को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये। वहीं, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक कुमार सुमन, लेखपाल अनुज पटेल, अजीत कुमार यादव और आनंद प्रकाश तथा राजस्व लेखपाल संजय कुमार, कृष्ण प्रताप सिंह पटेल और शैलेश कुमार तिवारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल कागजी काररवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रशासन की ओर से मामलों की जांच और काररवाई के जरिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने पर जोर दिया गया है।

सूचना

मेरा सही नाम ताजुद्दीन पुत्र स्व. सुबराती है लेकिन त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं. 381619703174 में मेरा नाम नन्कू दर्ज हो गया है जो गलत है अतः मेरा सही नाम ताजुद्दीन दर्ज कर जाना, पहचाना जाय।

ताजुद्दीन पुत्र स्व. सुबराती
नि0 रामपुर परगना अरैल
तहसील करछना जनपद प्रयागराज

सूचनाः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा शास्त्री तृतीय वर्ष, अनुक्रमांकः284339, वर्ष 2009 का मूल प्रमाण पत्र संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय कहीं खो गया है। धीरज कुमार दुबे पुत्र कमला शंकर दूबे, प्रेमकापुरा, जौनपुर।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर परिवार पर हमला, तीन घायल

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा थाना क्षेत्र के भटौती गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की राड से तीन लोगों की पिटाई की गयी। हमले में प्रदीप कुमार का दाहिना हाथ टूट गया, जबकि उनके सिर में गंभीर चोट आई। उनके छोटे भाई और भाभी भी घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भटौती निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार, बीती रात उदय निषाद, उसका भाई भीष्म और उनके परिवार की कुछ महिलाएं उनके घर में घुस आईं। आरोप है कि इसके बाद सभी ने प्रदीप, उनके छोटे भाई और भाभी पर लाठी-डंडों और लोहे की राड से हमला कर दिया। मारपीट में प्रदीप का हाथ टूट गया और सिर में चोट आई, जबकि उनके छोटे भाई के सिर तथा भाभी के मुंह और दांतों में चोटें आईं। तीनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेजा में मेडिकल परीक्षण कराया गया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव के राजेंद्र प्रसाद निषाद की ओर से उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा है। पीड़ितों का कहना है कि इससे पहले भी मारपीट की घटना हो चुकी है। पीड़ित की तहरीर पर शनिवार दोपहर करीब २ बजे पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मेजा थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की काररवाई की जायेगी।

लेप्रोसी चौराहे पर आग का गोला बनी कार

नैनी (प्रयागराज)। नैनी स्थित लेप्रोसी चौराहे के पास शुक्रवार देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गयी। कार में सवार चार लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर किसी तरह अपनी जान बचायी। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गयी। घटना के चलते कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ गांव निवासी मुकेश मिश्रा अपनी दादी का अस्थि कलश विसर्जन करने शुक्रवार सुबह प्रयागराज आए थे। देर रात वह कार से वापस मध्य प्रदेश लौट रहे थे। नया पुल पार करने के बाद कार से अचानक धुआं निकलने लगा। लेप्रोसी चौराहे के समीप उन्होंने कार रोक दी और उसमें सवार सभी चार लोग बाहर निकल गए। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग के कारण चौराहे पर यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने स्थिति सामान्य होने के बाद आवागमन सुचारु कराया। नैनी पुलिस के मुताबिक, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार मुकेश मिश्रा की पत्नी कल्पना मिश्रा के नाम पर पंजीकृत बतायी गयी है।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट, चार नामजद

भारतगंज (प्रयागराज)। पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने, बाइक क्षतिग्रस्त करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में माण्डा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के बरहा कला गांव निवासी रवि शंकर पुत्र हुबलाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी विजय शंकर, सुनील कुमार, गुड्डी देवी और बिटोला देवी लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्कूल जाने के लिए घर से निकला छात्र लापता

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के डांडी स्थित तिगनौता गांव से स्कूल जाने के लिए घर से निकला १५ वर्षीय छात्र लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई। पिता की तहरीर पर नैनी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिगनौता निवासी मो. नाजीम सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अली हमजा शुक्रवार सुबह करीब ७ बजे आटो से इथल स्कूल फार एग्रीकल्चर जाने के लिए घर से निकला था। हालांकि, वह स्कूल नहीं पहुंचा और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के मुताबिक, लापता छात्र की उम्र करीब १५ वर्ष, लंबाई लगभग ५ फीट ४ इंच और रंग गोरा है। घर से निकलते समय उसने स्कूल की यूनिफार्म पहनी थी। उसकी पैंट हरे रंग की और शर्ट चेकदार थी। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

मामले की जांच अतिरिक्त निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी कर रहे हैं। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है और आमजन से उसके संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर नैनी थाने को सूचित करने की अपील की है। लापता छात्र के संबंध में जानकारी मिलने पर नैनी थाने को सूचना दें।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SANT LAL की स्पेलिंग गलत है। सही नाम की स्पेलिंग (SANT LAL SAROJ) है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम पूजन पाल (RAM PUJAN PAL) (जो कि गलत स्पेलिंग है।) राम पूजन पाल (RAM POOJAN PAL) सही स्पेलिंग है। एवं माता का नाम गुंजा पाल (GUNJA PAL) (जो कि गलत स्पेलिंग है) गुंजा देवी (GUNJA DEVI) सही नाम है

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHRINIVAS YADAV नाम की स्पेलिंग जो कि गलत है। अब से सही स्पेलिंग SHREENIVAS YADAV नाम से जाना और पहचाना जाए। मेरी पुत्री श्रृष्टि यादव जिसकी जन्मतिथि 19-03-2010 जो कि गलत है। सही जन्मतिथि 19-03-2012 है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुशी सिंह (AYUSHI SINGH) जो कि गलत नाम है। आयुशी यादव (AYUSHI YADAV) सही नाम है।जन्मतिथि 27-09-2011 (जो कि गलत है) जन्मतिथि 27-09-2012 जो सही जन्मतिथि है। एवं माता के नाम की स्पेलिंग (RANJANA YADAV) जो की गलत है सही स्पेलिंग (RANJANA DEVI) है।

तारीख मुकर्ररह समाअत अपील व निगरानी
न्यायालय अपर आयुक्त प्रशासन
प्रयागराज मण्डल प्रयागराज
अपील संख्या सी 20260200000539
(अंतर्गत धारा-207 UPRC)

राम बहादुर आदि .....**प्रथम पक्ष बनाम** विमलेन्दु सिंह आदि .... **द्वितीय पक्ष।** (1) विमलेन्दु सिंह (2) शरदेन्दु सिंह पुत्रगण स्व. गुलाब सिंह (3) श्रीमती स्नेह लता पत्नी स्व. गुलाब सिंह (4) इन्द्रबहादुर सिंह पुत्र स्व. तुलसी राम सिंह (5) बसन्त लाल सिंह पुत्र स्व. तुलसी राम सिंह (6) यशवन्त सिंह पुत्र स्व. नरपत सिंह (7) विनोद कुमार सिंह (8) सामोद कुमार सिंह (9) प्रमोद कुमार सिंह पुत्रगण स्व. रणजीत सिंह (10) निर्मला सिंह पत्नी स्व. रणजीत सिंह (11) राज कुमार (12) लवकुश पुत्रगण स्व. राम अभिलाष सिंह (13) श्रीमती विशालो देवी पत्नी स्व. राम अभिलाष सिंह (14) हिमांशु सिंह पुत्र स्व. दुर्विजय सिंह (15) श्रीमती सुनीता देवी पत्नी स्व. दुर्विजय सिंह (16) गजेन्द्र सिंह पुत्र रामेन्द्र भूषण सिंह (17) सविता सिंह (18) कविता सिंह पुत्रीगण स्व. धर्मेन्द्र सिंह (19) बृजेन्द्र भूषण सिंह (20) जितेन्द्र भूषण सिंह पुत्रगण माता शरण (21) मरवेन्द्र सिंह (22) अजेन्द्र सिंह पुत्रगण सुरेन्द्र भूषण सिंह (23) श्रीमती आरती सिंह पत्नी सुरेन्द्र भूषण सिंह (24) मृगेन्द सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह (25) श्रीमती इन्द्रावती सिंह पत्नी महेन्द्र सिंह (26) पियुष सिंह पुत्र स्व. वीर सिंह (27) श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी स्व. वीर सिंह (28) आनन्द सिंह (29) आशीष सिंह पुत्रगण अमर सिंह (30)श्रीमती कमला सिंह पत्नी अमर सिंह (31) अजय सिंह पुत्र स्व. उदय सिंह सभी निवासीगण ग्राम सुदनीपुर कलां, परगना झूँसी, तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज (32) प्रधान मौजा सुदनीपुर कलां, परगना झूँसी तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज (33) उ0प्र0 राज्य द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज ....**विपक्षीगण।** आप को यह सूचना दी जाती है कि तारीख 05 माह 11 वर्ष 2026 दिन समय दस बजे अपील/निगरानी की सुनवाई हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वयं अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित रहेंगे तो अनियोग की सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

न्यायालय अपर आयुक्त प्रशासन
प्रयागराज मण्डल प्रयागराज
नियत तिथि 05.11.2026

आश्रम के मलबे में लापता हरि सिंह की तलाश जारी

झूंसी (प्रयागराज)। गंगा के कटान में तीन मंजिला आश्रम ढहने के बाद लापता हुए हरि सिंह की तलाश में रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। घटना के २४ घंटे बाद भी समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। पुलिस, एनडीआरएफ, जल पुलिस और पुल निर्माण कंपनी की टीमें तलाश में जुटी हैं। हालांकि, घटनास्थल तक भारी मशीनें नहीं पहुंच पाने के कारण मलबा हटाने में कठिनाई आ रही है।

एसीपी झूंसी अरुण कुमार पाराशर ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश के लिए उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। संबंधित विभागों के कर्मियों को अभियान में लगाया गया है और सभी टीमें आपसी समन्वय से काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल तक रेस्क्यू में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनें नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे मलबा हटाने में बाधा आ रही है। इसके बावजूद लापता व्यक्ति का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। एसीपी के मुताबिक, सहायता के लिए सेना को भी पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक सेना की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। उसके पहुंचने पर रेस्क्यू अभियान को अतिरिक्त मदद मिलने की उम्मीद है। प्रशासन की प्राथमिकता मलबे में लापता हरि सिंह का पता लगाना है। एसीपी ने कहा कि उनकी तलाश मिलने तक अभियान जारी रहेगा।

सिंचाई पर्यवेक्षक ने किसान के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

खीरी (प्रयागराज)। कोरांव तहसील क्षेत्र की ढेरहन ग्रामसभा में नहर काटकर पाइप लगाने के मामले में बेलन नहर प्रखंड के सींच पर्यवेक्षक प्रेम नारायण शुक्ला और पूर्व जिलेदार महेश कुमार ने किसान राजेश्वरी प्रसाद पुत्र चिंतामणि के खिलाफ धारा ७० के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में बेलन नहर प्रखंड के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की ओर से किसान को नोटिस भी मिला है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार सहित तीन घायल

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र के एफसीआई रोड पर मछली गेट के पास शनिवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को परिजन निजी साधनों से अस्पताल ले गये, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार काफी तेज रफ्तार में थी। एफसीआई रोड पर कार की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी। घायलों में मुंडी चक निवासी शशि प्रकाश सहित दो अन्य लोग शामिल हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुर्घटना की सूचना डायल ११२ और एंबुलेंस सेवा को तत्काल दी गयी थी, लेकिन काफी देर तक पुलिस और एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायलों के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायलों को निजी साधनों से अस्पताल ले गये। घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, एफसीआई रोड पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगवाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद पुलिस और एंबुलेंस के मौके पर पहुंचने में कथित देरी के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

देवघाट पुल की मरम्मत जल्द कराने की मांग तेज

कोरांव (प्रयागराज)। बेलन नदी में आयी बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए देवघाट पुल की मरम्मत जल्द कराने की मांग तेज हो गयी है। शनिवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ पुल का निरीक्षण किया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रवीण राय से फोन पर वार्ता कर मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

विधायक ने कहा कि पुल की मरम्मत नहीं होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनहित को देखते हुए पुल को जल्द दुरुस्त कराना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द पूरा कराने को कहा, ताकि लोगों को आवागमन संबंधी दिक्कतों से राहत मिल सके। बताया जाता है कि कई महीने पहले बेलन नदी में आयी बाढ़ के दौरान देवघाट पुल में दरार आ गयी थी। इसके बाद विशेषज्ञों की सलाह पर पुल से चार पहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गयी थी। यह प्रतिबंध अब तक जारी है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक रहेंगे पुख्ता इंतजाम-डीएम

झूंसी (प्रयागराज)। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अंदावा के पास स्थित विसर्जन स्थल के तालाब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूरे करने और विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तालाब में स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात सुचारु रहना चाहिए और आसपास जाम की स्थिति नहीं बनने दी जाए। इसके लिए रूट डायवर्जन, वाहनों की पार्किंग और यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

डीएम ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि किसी को भी गहरे पानी में जाने की अनुमति न दी जाए। विसर्जन स्थल पर लाइफ जैकेट, नाव और गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तालाब तक पहुंचने वाले रास्तों और रैंप पर फिसलन से बचाव के उपाय किये जाएं। साथ ही आसपास साफ-सफाई, चूने का छिड़काव और पर्याप्त संख्या में मोबाइल टायलेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को विसर्जन स्थल पर एंबुलेंस, चिकित्सकों की टीम, जरूरी दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों तथा बेड की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को समुचित तैनाती सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर नगर आयुक्त राजीव शुक्ला, एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय, सरायइनायत थाना प्रभारी प्रवीण राय, नगर निगम के जोनल अधिकारी अशोक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पूर्व में नाम 'राधे' पुत्री गोपेश पाठक-144 मोहत्सिमगंज प्रयागराज है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है, जन्म प्रमाण पत्र जिसका पंजीकरण नम्बर-बी-2023 : 9-91758-002313 है-जो दिनांक 27-8-2026 को जारी किया गया पुत्री की जन्मतिथि- 24-10-2023 है भविष्य में शपथकर्ता की पुत्री का वर्तमान नाम 'वाग्मी पाठक' पुत्री गोपेश पाठक 144 मोहत्सिमगंज लिखा-पढ़ा और समझा जाए और इसी नाम से उसे जाना पहचाना जाए।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता-प्रयागराज वृत्त
50/6, अलोपीबाग, प्रयागराज-211006
E-Mail: sepravagrajupavp@gmail.com

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा वृत्त कार्यालय के पत्रांक 1949/जे-08/355 दिनांक 16.10.2026 के माध्यम से ई-निविदा सूचना आमंत्रित की गयी है। ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिषद की बेबसाइट www.upavp.in के निविदा लिंक पर तथा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन की वेबसाईट http:\\etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

(एम.एच. इकबाल)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः 1950/जे-08/356 दिनांक 16.10.2026

आज का मुहूर्त

दिनांक- १८ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- अष्टमी समस्त
वार- रविवार
नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा दिन में ११.३४ तक उपरान्त उत्तराषाढ़ा
योग- सुकर्मा दिन में ०२.०१ तक धृति
राशि- धनु सायंकाल ०६.११ तक उपरान्त मकर
सूर्योदय- ०६.१८ बजे
सूर्यास्त- ०५.४२ बजे
राहुकाल- सायंकाल ०४.३० से ०६ बजे तक
भद्रा- सायंकाल ०६.५२ तक
मुहूर्त- महाअष्टमी व्रत अष्टमम् महा का दर्शन एवं पूजन करें उपवास करते हुए यथाशक्ति महागौरी काली की मध्य रात्रि और अन्नपूर्णा की परिक्रमा करें, तुला राशि में सूर्य का प्रवेश दिन १०.२६ पर गंगा गोदावरी में स्नानकर गोदान अन्नदान करें।

क्लीनिक का शटर तोड़कर लैपटाप सहित सामान उड़ाया

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। १४ अक्तूबर को एक घर से लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी होने का मामला अभी अनसुलझा है। इसी बीच चोरों ने कल्याणपुर चौराहे स्थित एक होम्योपैथिक क्लीनिक को निशाना बनाते हुए शटर का ताला तोड़ दिया और लैपटाप सहित कई कीमती सामान उठा ले गये। क्लीनिक में रखी दवाओं को भी नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित डाक्टर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

पति सहित ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। विवाहिता को प्रताड़ित कर मारपीट करने, गहने छीनने और बिना तलाक दूसरी शादी करने के आरोप में मांडा पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के आदेश पर दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत मोनाई ग्राम पंचायत के चतुर्भुजपुर गांव निवासी शिखा पटेल पुत्री महावीर पटेल ने पुलिस आयुक्त को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी २६ मई २०२२ को मिर्जापुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बेलाही गांव निवासी श्याम सुंदर पटेल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पहली बार ससुराल पहुंचने पर उसे पता चला कि उसका पति ट्रक चालक है और अक्सर रात में शराब पीकर घर आता था। विवाहिता के मुताबिक, पति उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था तथा भोजन भी फेंक देता था। इसकी जानकारी पिता को देने के करीब २० दिन बाद वह उसे मायके ले आए। शिखा ने आरोप लगाया कि १ दिसंबर २०२३ को पंचायत के बाद जब वह दोबारा ससुराल पहुंची तो पति श्याम सुंदर, देवर उमा शंकर उर्फ रिंकू, ससुर लालजी पटेल और ससुराल के अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई की और गहने छीन लिए। घटना की जानकारी मिलने पर पिता और भाई उसे मायके ले आए। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच पति ने बिना तलाक दिये दूसरी शादी कर ली। उसने लालगंज थाने और लहंगपुर पुलिस चौकी में शिकायत की, लेकिन काररवाई नहीं होने पर पुलिस आयुक्त प्रयागराज से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर पति, देवर, ससुर सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया विकासखंड के गोसपुर रामनगर स्थित आरएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि बरौत प्रभारी रामायण सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने में शिक्षक और अभिभावक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं समाजसेवी नंदलाल बिंद ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी से विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद मजबूत होता है। विद्यालय के निदेशक शीतला प्रसाद बिंद ने कहा कि परीक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने का उद्देश्य उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंत में सूर्यदेव बिंद और प्रधानाध्यापक देव बिंद्रा ने अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. लाल बहादुर सिंह, चंचल कुमार और पवन कुमार ने किया। इस मौके पर रंजीत कुमार, जगन्नाथ, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार, सरिता, पूजा त्रिपाठी, शालू, रिया सिंह सहित शिक्षक, अभिभावक और अन्य लोग मौजूद रहे।



राम वनवास प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

घूरपुर (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बड़ी जूही, नारीबारी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा व्यास शास्त्री शाकाम्भरी द्विवेदी 'मानस मंजरी' ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रभु श्रीराम के त्याग, मर्यादा और माता-पिता के प्रति समर्पण की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचिका ने बताया कि महाराज दशरथ द्वारा माता कैकेयी को दिये गये दो वरदानों के कारण भगवान श्रीराम को १४ वर्ष का वनवास स्वीकार करना पड़ा। पिता के वचन की मर्यादा बनाये रखने के लिए प्रभु श्रीराम ने राजमहल के सुखों का त्याग कर सहर्ष वन जाना स्वीकार किया। माता सीता और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वन को प्रस्थान कर गये। आयोजन श्री नव दुर्गा उत्सव समिति, ग्राम बड़ी जूही, नारीबारी की ओर से किया जा रहा है। मुख्य आयोजक महेश जायसवाल हैं। इस अवसर पर छैल बिहारी दास मानस केसरी, शिवम द्विवेदी, जितेंद्र जायसवाल, विशाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, आयुष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

फार्मेट सी-1

(समाचार पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पताः मान सिंह
240 HIG, प्रीतमनगर, प्रयागराज

राजनैतिक दल का नामः समाजवादी पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नामः उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2026

निर्वाचन क्षेत्र का नामः इलाहाबाद - झाँसी खण्ड स्नातक

मैं मान सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः

(क) लंबित आपराधिक मामले -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (लो) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0354/2021 धारा 171(ग), 171B, 171E, 171F, 123 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम PS मेजा, जिला-प्रयागराज
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0086/2025 धारा-189(2), 292, 329(3) BNS PS बारा, जिला-प्रयागराज

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।